देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 224 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 14 दिसंबर 2023

**विचार–प्रवाह...**
संविधान सभा का रुख





मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 10.0° | 66023.69

2 — 370 विवाद में कूदे मुस्लिम देश

7 — आगे बढ़ना होता है मुश्किल

# संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक

## लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से कूदे दो युवक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बुधवार को संसद पर हमले की 22वीं बरसी थी और इसी दिन एक बार फिर से संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। संसद के बाहर और संसद के अंदर कुछ युवाओं ने सनसनी मचा दी। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक सदन में प्रवेश कर गए। दोनों शख्स दर्शक दीर्घा से कूद गए।

मौजूद सांसदों के मुताबिक, दोनों युवकों के हाथ में टियर गैस कनस्तर था। एक युवक कूदते–फांदते हुए सांसदों के बीच पहुंचा और स्प्रे निकाला, जिससे संसद में धुआं–धुआं हो गया। दोनों युवकों को सांसदों ने पकड़ा। इसके बाद दोनों को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, छह लोग इस साजिश में शामिल थे। पांच के बारे में एक और बड़ी जानकारी सामने आई। पांच आरोपित गुरु ग्राम में ललित झा नाम के शख्स के पास ठहरे थे। वहीं, दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूदने वाले शख्स की भी पहचान हो गई। युवक की पहचान सागर शर्मा के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का रहने वाला है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सागर शर्मा लखनऊ के आलमबाग के रामनगर का रहने वाला है। सागर घर में यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली में किसी धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा है। बताया गया कि सागर बैटरी रिक्शा चलाता है और उसके पिता कारपेंटर का काम करते हैं।

वहीं पुलिस ने संसद के बाहर नीलम नाम की आरोपी को भी पकड़ा है, जो इस वारदात में शामिल थी। नीलम जींद जिले के उचाना के एक गांव की रहने वाली है। उसने छह डिग्रिया ले रखी हैं। नीलम ने कहा था कि वह बेरोजगार है और देश की आम आदमी है। यह सरकार तानाशाह है। उसे रोजगार नहीं मिल रहा है।

लोकसभा के अंदर सुरक्षा में सेंध लगाने वाले मनोरंजन के पिता देवराज ने कहा कि अगर मेरे बेटे ने कुछ अच्छा किया है तो बेशक मैं उसका समर्थन करता हूं लेकिन अगर उसने कुछ गलत किया है तो मैं उसकी कड़ी निंदा करता हूं। अगर उसने समाज के लिए कुछ गलत किया है तो उसे फांसी दी जाए। संसद पर हमले के आरोपितों के गुरुग्राम में ठहरने की बात पर गुरुग्राम पुलिस सक्रिय हो गई है।



### बाहर भी पकड़े गए दो प्रदर्शनकारी

संसद के बाहर भी सुबह कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। संसद की सुरक्षा में लगे दिल्ली पुलिस के जवानों ने दो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों में एक महिला और एक पुरुष थे। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि हिरासत में ली गई महिला का नाम नीलम है। संसद में चूक मामले में छह लोग शामिल थे।

### विपक्ष ने अमित शाह से बयान की मांग की

राज्यसभा में विपक्ष ने बुधवार को लोकसभा में सुरक्षा में चूक पर गृह मंत्री अमित शाह से स्पष्टीकरण की मांग की। इससे पहले सदन के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे बहुत गंभीर मामला बताया। जब कुछ विपक्षी सदस्य नारे लगा रहे थे, तो धनखड़ ने उनसे ऐसा नहीं करने को कहा। राज्यसभा सभापति ने कहा कि हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रूप से भुनाने की जरूरत नहीं है। यह एक सुरक्षा मुद्दा है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलेगा। इसे लेकर आज सुबह 10 बजे संसद में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक होगी। इसके लिए राष्ट्रपति से समय मांगा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय महाविद्यालय देवीधूरा में स्नातकोत्तर स्तर पर होगी हिंदी

**संवाददाता** देहरादून। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय देवीधुरा में हिंदी, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विषयों में भी अब स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षाएं संचालित हो सकेंगी। महाविद्यालय देवीधूरा में स्नातकोत्तर स्तर पर उक्त विषयों में पढ़ाई शुरू किए जाने की मांग स्थानीय स्तर पर युवाओं द्वारा की जा रही थी। अब उच्च शिक्षा विभाग ने हिंदी, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षायें प्रारंभ करने को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है।

### सीएम ने मोहन यादव को सीएम पद की शपथ लेने पर दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को मध्य प्रदेश के निवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने 'डॉ. मोहन यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# धार्मिक स्थलों से हटेंगे अवैध लाउडस्पीकर

## पदभार ग्रहण करने के बाद एक्शन में मुख्यमंत्री मोहन यादव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मोहन यादव ने बुधवार को मध्य प्रदेश के सीएम पद की शपथ ली। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मोहन यादव को मध्य प्रदेश के नए सीएम पद की शपथ दिलाई। जगदीश देवड़ा ने मंत्री पद की शपथ ली। वो वर्तमान में मंदसौर के मल्हारगढ़ विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक हैं। राजेंद्र शुक्ला ने भी मंत्री पद की शपथ ली। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री सहित कई राज्यों के सीएम समेत दिग्गज नेता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

सीएम पद ग्रहण करने के बाद सूबे के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक आदेश जारी किया है। बता दें कि अब धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर लाउडस्पीकर व डीजे को अवैधानिक रूप से और निर्धारित मापदण्ड से अधिक आवाज में बजाने पर प्रतिबंध लगाये जाने की बात कही गई है।

गौरतलब है कि, प्रदेश में धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुकम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही लाउडस्पीकर व डीजे आदि का उपयोग किया जा सकेगा।

### धर्मगुरूओं से करे संवाद

धर्मगुरूओं से संवाद व समन्वय के आधार पर लाउडस्पीकरों को हटाने का प्रयास किया जायेगा तथा ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची बनाई जायेगी, जहां उक्त नियमों निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है तथा इसकी जिला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाकर दिनांक 31.12.2023 तक पालन प्रतिवेदन गृह विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी के लिये अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी समय–समय पर लाउडस्पीकरों डीजे आदि के अवैधानिक प्रयोग के संबंध में प्रतिवेदन शासन के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

# विष्णुदेव साय बने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। विष्णदेव साय के रूप में छत्तीसगढ़ को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। विष्णुदेव साय ने बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उपमुख्यमंत्री के रूप में अरुण साव और विजय शर्मा को भी शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

भाजपा ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके आदिवासी नेता साय (59) को नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में हुए समारोह में 50 हजार से अधिक लोग प्रत्यक्षदर्शी बने। अधिक से अधिक लोग शपथग्रहण देख सके इसके लिए एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 1000 पुलिस जवान तैनात रहे।

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की कुल 90 विधानसभा सीट में से 54 सीट जीतीं। 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार 35 सीट पर सिमट गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एक सीट जीतने में कामयाब रही।

### शपथ ग्रहण

■विजय शर्मा और अरुण साव ने ली मंत्री पद की शपथ

### सीएम धामी भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रायपुर, छतीसगढ में नव निवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास का नया अध्याय शुरू होगा।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# मुस्लिम देशों को भारत ने लगाई कड़ी फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने वाले मुस्लिम देशों को भारत ने कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल ओआईसी ने जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की आलोचना की थी।

### इस्लामिक समूह ने अनुच्छेद 370 पर सुको के फैसले को बताया अवैध

अब इस पर भारत सरकार का की प्रतिक्रिया सामने आई है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में इस्लामिक सहयोग संगठन की आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस समूह ने सीमा पार से आतंकवाद को भेजने वाले के इशारे पर बयान जारी किया। इससे उनकी (समूह) की विश्वसनीयता कम हुई है। उन्होंने मंगलवार को जारी बयान को भारत ने गलत जानकारी वाला और गलत इरादे वाला बताया।

बागची ने कहा, भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन के महासचिव द्वारा जारी बयान को खारिज करता है।

## न्यूज डायरी



### इजरायल नहीं चाहता टू स्टेट सॉल्यूशन, नेतन्याहू को बदलनी होगी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा कि इजरायली सरकार फलस्तीनियों के साथ दो–राज्य समाधान नहीं चाहती और उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से प्रशासन में परिवर्तन का आग्रह किया। यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक कैंपेन के दौरान कहा यह इजरायल के इतिहास की सबसे रूढ़िवादी सरकार है... सरकार दो–राज्य समाधान नहीं चाहती, हमास के साथ युद्ध के बाद वॉशिंगटन ने जिस रास्ते का आह्वान किया है। इजरायली टैंकों और युद्धक विमानों ने गाजा पट्टी पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों फलस्तीनी मारे गए, और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इजरायल को चेतावनी दी कि हमास आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध में नागरिकों पर अंधाधुंध बमबारी के कारण वह अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो रहा है। संघर्ष के तीसरे महीने में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड ने कहा कि वे स्थायी युद्धविराम की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करते हैं। अमेरिका उन रिपोर्टों को लेकर चिंतित है कि जिसमें कहा गया है कि इजरायल ने अक्टूबर में दक्षिणी लेबनान में किए गए हमले में अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए सफेद फास्फोरस वाले हथियारों का इस्तेलाम किया था। एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछेगा।

### जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन अगले हफ्ते रॉकेट लॉन्च करेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेजन कंपनी के फाउंडर जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन कंपनी अगले हफ्ते सबऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च करेगी। ब्लू ओरिजिन ने मंगलवार को बताया कि उसका लक्ष्य अगले हफ्ते अपने न्यू शेपर्ड सबऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च करने का है। इससे पहले कंपनी का रॉकेट साल 2022 में क्रैश हो गया था। कंपनी ने एक्स पर ट्वीट करके बताया, हम अपने अगले न्यू शेपर्ड पेलोड मिशन को 18 दिसंबर को लॉन्च करने की कोशिश करेंगे। रॉकेट में 33 विज्ञान और अनुसंधान पेलोड के साथ में 33,000 पोस्टकार्ड होंगे। इससे पहले ओरिजिन ने छह लोगों को स्पेस टूरिज्म के लिए अंतरिक्ष में भेजा था। कंपनी के न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट ने टेक्सास की लॉन्च साइट वन से उड़ान भारी थी। यह स्पेसक्राफ्ट यात्रियों को पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर ले गया था और फिर वहां से पैराशूट के जरिए लोग धरती पर वापस आ गया था। जबकि, ब्लू ओरिजिन को बंद कर दिया गया है। ब्रिटेन के अरबपति रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी ब्लू ओरिजिन की प्रतिद्वंद्वी वर्जिन गैलेक्टिक ने इस साल पांच उड़ानें अंतरिक्ष में भेजी हैं। ये दोनों कंपनियां अंतरिक्ष पर्यटन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करती हैं। वर्जिन गैलेक्टिक 200,000 से 450,000 लाख डॉलर के बीच टिकट बेच रहा है।

### नवाज शरीफ अल अजीजिया केस में भी बरी, फिर भी नहीं लड़ सकते चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अल–अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया। अदालत का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब अगले चुनाव में उनकी नजरें प्रधानमंत्री के तौर पर रिकॉर्ड चौथे कार्यकाल पर टिकी हैं। लेकिन, नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने में अब भी एक बड़ी बाधा बची हुई है। नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने दिसंबर 2018 में सात साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन पर भारी जुर्माना लगाया था। अदालत ने शरीफ की यह दलील स्वीकार नहीं की थी कि 2001 में उनके पिता की सऊदी अरब में स्थापित स्टील मिल से उनका कोई लेना–देना नहीं था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने अल–अजीजिया मामले में शरीफ को बरी कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो–न्यायाधीशों की पीठ ने अल–अजीजिया मामले में उनकी सजा के खिलाफ नवाज की अपील पर सुनवाई करते हुए फैसले की घोषणा की। उन्हें एवेनफील्ड मामले में पहले ही बरी कर दिया गया था, जिसमें उन्हें जुलाई 2018 में दोषी ठहराया गया था और दस साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

# भारत एकतरफा उठाए गए सभी कदमों को वापस ले

**निशाना**

## अनुच्छेद 370 विवाद में कूदे मुस्लिम देश, उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियाद। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 370 को जम्मू–कश्मीर से हटाने के फैसले को सही ठहराने के बाद पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार बौखला गई है। पाकिस्तान सरकार ने इस मामले को ओआईसी देशों के साथ उठाया है। अब इस्लामिक देशों का यह संगठन ओआईसी भी अनुच्छेद 370 विवाद में कूद पड़ा है। ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 370 को लेकर दिए फैसले पर चिंता जताई है। सऊदी अरब की अगुवाई वाले ओआईसी के महासचिव के कार्यालय ने एक बयान जारी करके कहा है कि भारत एकतरफा उठाए गए सभी कदमों को वापस ले।

एक्स पर पोस्ट किए गए अपने बयान में ओआईसी ने कहा, ओआईसी महासचिव कार्यालय भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त करता है जिसमें भारत सरकार के 5 अगस्त



2019 को एकतरफा उठाए गए कदमों को सही ठहराया गया है। इसके तहत जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म कर दिया गया। ओआईसी ने इस्लामिक शिखर सम्मेलन और ओआईसी विदेश मंत्रियों की परिषद के प्रस्तावों तथा फैसलों को भी साझा किया है। गाजा पर कुछ नहीं कर पाने वाले ओआईसी ने कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने का ढोंग किया।

ओआईसी ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुरूप किया जाए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया था कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला संविधान के मुताबिक है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इससे पहले अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। करीब 1 दर्जन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने यह मोदी सरकार के हक में फैसला दिया।

भारतीय सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद पाकिस्तान की सरकार बौखला गई थी। पाकिस्तान की सरकार ने कहा था कि वह भारत के सुप्रीम कोर्ट और संविधान को नहीं मानता है और फैसले को खारिज करता है। वहीं चीन ने भी इस फैसले पर आपत्ति जताई थी और भारत को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक इसका समाधान करना चाहिए। पाकिस्तान ने इस पूरे मामले को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी उठाया था। इस पर पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया था।

## पाकिस्तान लेगा टीजेपी से खून का बदला खून से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। खैबर पख्तूनख्वां प्रांत में तहरीक–ए– जिहाद पाकिस्तान के भीषण हमले में 24 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत के बाद अब जनरल मुनीर की सेना बौखला गई है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से इस हमले के दोषियों के खिलाफ ऐक्शन के लिए कहा है। वहीं पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जनरल मुनीर की सेना अफगानिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर हवाई या ड्रोन हमले को अंजाम दे सकती है। सेना के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान की सेना अब इस हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ विनाशकारी और निर्णायक कार्रवाई कर सकती है। पाकिस्तान में कई वर्षों के बाद इतना बड़ा हमला हुआ है जिसमें इतने ज्यादा सैनिकों की जान गई है।

एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना इस घृणित हमले के दोषियों को माफ नहीं करेगी। इससे पहले पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके में एक चेकपोस्ट पर हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के 24 जवान मारे गए थे। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट डॉन ने सेना के मीडिया मामलों के विंग का हवाला देते हुए बताया कि 12 दिसंबर की सुबह छह आतंकवादियों ने सुरक्षा चौकी पर हमला किया।



समुद्र में डूब रही इंडोनेशिया की राजधानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। वेनिस डूब रहा है। रॉटरडैम, बैंकॉक और न्यूयॉर्क का भी कुछ ऐसा ही हाल है। लेकिन, पृथ्वी पर सबसे तेजी से डूबने वाले मेगासिटी में जकार्ता की तुलना में दूसरा कोई शहर नहीं है। पिछले 25 साल में इंडोनेशिया की राजधानी का सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में 16 फीट से अधिक पानी भर चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि जकार्ता के पास समाधान निकालने के लिए 2030 तक का समय है। अन्यथा जावा सागर को इस शहर को निगलने से रोकने में बहुत देर हो जाएगी। इस संकट से जकार्ता को बचाने के लिए एक अरबपति बिजनेस मैन क्यू एंथोनी सलीम सामने आए हैं। सलीम पीटी एयर बर्सिंह जकार्ता के मालिक हैं।

# संयुक्त राष्ट्र में एक साथ आए भारत और पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। भारत सही संतुलन कायम करने की चुनौती का सामना करते हुए गाजा में इजरायल–हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के आह्वान में शामिल हो गया है। पिछली बार भारत मतदान में अनुपस्थित रहा था। 153 वोटों से प्रस्ताव पारित होने के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने जटिल कारकों, इजरायल पर 7 अक्टूबर को हुए आतंकवादी हमले, मानवीय संकट और नागरिकों की मौत को रेखांकित किया और कहा, श्हमारी चुनौती असाधारण रूप से कठिन समय में सही संतुलन बनाने की है।

**भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का किया समर्थन**

सीजफायर के इस प्रस्ताव के समर्थन में पाकिस्तान और दक्षिण एशिया के अन्य देशों ने भी वोट दिया। भारत के इस कदम को दोस्त इजरायल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

मतदान के बाद कंबोज ने कहा, श्हम इस तथ्य का स्वागत करते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस समय क्षेत्र के सामने मौजूद कई चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा आधार ढूंढने में सक्षम है। मिस्र और मॉरिटानिया द्वारा कई सह–प्रायोजकों के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव के खिलाफ केवल 10 वोट पड़े जबकि 23 देश अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में सभी बंधकों की रिहाई की भी मांग की गई है और सभी पक्षों से अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने, विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा और गाजा में राहत के लिए मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

हमास की तलाश में गाजा पर जारी इजरायल के जवाबी हमले में 18 हजार से अधिक फिलिस्तीनी, जिनमें से 8,600 से अधिक बच्चे और 4,500 महिलाएं शामिल हैं, मारे गए हैं जिससे इजरायल के प्रति अंतर्राष्ट्रीय समर्थन कम हुआ है। महासभा में 27 अक्टूबर को युद्धविराम के पहले के प्रस्ताव के पक्ष में 121 वोट मिले थे जबकि नवीनतम प्रस्ताव को 153 देशों का समर्थन मिला।

### कंगाल पाकिस्तान की मदद के लिए सऊदी का बड़ा ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को बचाने के लिए गैस एंड आयल पाकिस्तान लिमिटेड में 40 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद सऊदी अरामको पहली बार पाकिस्तानी ईंधन खुदरा बाजार में प्रवेश के लिए तैयार है। गैस एंड आयल पाकिस्तान देश में ईंधन, लुब्रिकेंट्स, फैसिलिटी स्टोर आपरेटर है, जो पाकिस्तान में सबसे बड़े खुदरा और स्टोरेज कंपनियों में से एक है। यह सौदा अरामको को अपने रिफाइंड प्रोडक्ट के लिए अतिरिक्त आउटलेट प्रदान करने में मदद करेगा और नए बाजार के लिए अवसर मुहैया कराएगा। अरामको ने फरवरी में वाल्वोलिक इंक का अधिग्रहण किया था, जो वाल्वोलिक ब्रांडेड लुब्रिकेंट्स के लिए भी एक नया बाजार प्रदान करेगा। पाकिस्तान को इस परियोजना लिए पैसों का बंदोबस्त किसी दूसरी जगह से करना होगा।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश

**बैठक**

## जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**संवाददाता**



चमोली। जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक बैठक बुधवार को विकास भवन सभागार में परियोजना निदेशक आनंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को बैंक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए सीडी रेश्यों में सुधार लाने और विभागों से प्राप्त आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर नाबार्ड की वर्ष 2024–25 के लिए ''सभाविता लिंक्ड क्रेडिट योजना'' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

परियोजना निदेशक ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए जिले का ऋण जमा अनुपात (सीडी रेश्यों) का 40 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सरकार की स्वरोजगार योजनाओं के तहत सभी बैंक विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों का तत्काल निस्तारण करें। कृषि, लघु उद्योग एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण वितरण को बढ़ाया जाए। केसीसी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध करें। स्वयं सहायता समूहों का सीसीएल लिंकेज किया जाए।

परियोजना निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समूहों को ऋण आवंटन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इस दौरान पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी, पीएम मुद्रा योजना, स्पेशल कम्पोनेंट प्लान, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, होम–स्टे, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार आदि योजना के तहत बैंकों में लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैकर्स एवं विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

लीड बैंक अधिकारी जीएस रावत ने अवगत कराया कि सितंबर,,2023 तिमाही में जिले को ऋण जमा अनुपात 32.72 प्रतिशत रहा। जो कि विगत जून तिमाही से 2.44 प्रतिशत अधिक है। जनपद में संचालित 18 बैंकों में से 10 बैंकों का सीडी रेश्यों निर्धारित 40 प्रतिशत के मानक से कम है। जनपद में 18 बैंकों की 96 शाखाएं, 64 एटीएम, 122 एक्टिव बीसी व 260 इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक वित्तीय सेवाएं संचालित है। जिले में संचालित तीन वित्तीय साक्षरता सेंटर के माध्यम से सितंबर,2023 तक 258 वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए गए है। वार्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत बैंक शाखाओं द्वारा 51.43 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गयी है। जिसमें प्राथमिक सेक्टर में 31.04 प्रतिशत तथा गैर प्राथमिक सेक्टर में 140.61 प्रतिशत उपलब्धि शामिल है।

बैठक में सहायक परियोजना निदेशक केके पंत, डीडीएम नाबार्ड श्रयांस जोशी, एलडीएम जीएस रावत, एसबीआई के रीजनल मैनेजर नरेन्द्र कुमार, डीसीबी के डीजीएम टीएस खाती सहित सभी बैंकों के प्रबंधक एवं रेखीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### रेल की पटरी की सुरक्षा को लेकर शुरू हुई जीपीएस पेट्रोलिंग

**संवाददाता** हल्द्वानी। सर्दियों में रेल की सेफ्टी को लेकर रेलवे प्रबंधन जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। प्रबंधन ने सेफ्टी को लेकर ऑडिट का कार्य भी पूरा कर लिया है। इसके अलावा रेल की पटरियों की सुरक्षा को लेकर जीपीएस पेट्रोलिंग भी शुरू कर दी है

बीते दिन रेल सेफ्टी को सुनिश्चित करने को अंतर रेलवे संरक्षा ऑडिट व उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा ऑडिट टीम के सीनियर अधिकारियों ने काठगोदाम से लालकुआं तक रेल की सेफ्टी को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा को लेकर गहन बिंदुओं पर विचार किया। इसी के चलते रेलवे ने सर्दियों में पटरी को होने वाले नुकसान के चलते रात्रि पेट्रोलिंग भी शुरू कर दी है। इज्जत नगर मंडल में 227 पेट्रोल मैन पटरी की सुरक्षा को लेकर तैनात कर दिए गए हैं। गश्त कर रहे इन कर्मचारियों को प्रबंधन ने जीपीएस डिवाइस दी है।

### अवैध खनन की सूचना के बाद भी कार्रवाई न करने का आरोप

**संवाददाता** हरिद्वार। मातृसदन के अध्यक्ष स्वामी शिवानंद ने प्रशासन और पुलिस पर अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। स्वामी शिवानंद ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक और अन्यों को पत्र लिख कर शिकायत करने की बात कही। बुधवार को मातृसदन में प्रेस वार्ता में स्वामी शिवानंद ने कहा कि 12 दिसंबर की शाम को सात बजे बिशनपुर, टांडा भागमल, शाहपुर शीतलाखेड़ा और भोगपुर क्षेत्र में अवैध खनन होने की सूचना मातृसदन को मिली। मातृसदन ने सूचना प्रशासन को भेज दी।

### एचडीएफसी और इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने नए स्नातक दंत चिकित्सकों को अपनी दंत चिकित्सा पद्धतियां स्थापित करने के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त फंडिंग की पेशकश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे देश में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत दिए गए ऋण की गारंटी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) द्वारा दी जाएगी, जो भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की एक संयुक्त पहल है। हमारे आकार के देश को अधिक दंत चिकित्सकों और मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे तक आसान पहुंच की आवश्यकता है।

## अंडर–14, 17 व 19 आयु वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद स्तरीय खेल महाकुंभ (खेल प्रतियोगिता) के तहत विभिन्न विधाओं में (खो–खो, कबड्डी, बॉलीबाल, टेबिल टेनिस) में आयोजित अंडर–14, 17 व 19 आयु वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी शरत सिंह भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खो–खो खेल विधा प्रतियोगिता के तहत अंडर–14 बालक आयु वर्ग में विकास खंड अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जखोली ने द्वितीय जबकि ऊखीमठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर–14 बालक वर्ग में जखोली व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बालक वर्ग में अगस्त्यमुनि व बालिका वर्ग में ऊखीमठ ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि बॉलीबाल में अंडर–14 बालक वर्ग में विकास खंड ऊखीमठ व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान जबकि दोनों ही वर्ग में जखोली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी खेल में अंडर–17 बालक व बालिका वर्ग के तहत आयोजित प्रतियोगिता में विकास खंड अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विकास खंड जखोली व बालिका वर्ग में ऊखीमठ दूसरे स्थान पर रहे। बताया कि बालक वर्ग के खो–खो में जखोली व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान हासिल किया।



## जोशीमठ ब्लॉक के पैनी व सेलंग में शिविर का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जोशीमठ ब्लॉक के पैनी व सेलंग में आयोजित शिविर में प्रतिभाग कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री आवास, पीएम किसान, उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाओं से गरीबों का जीवन खुशहाल हो रहा है। शिविर में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों भी सारी सुविधाएं मिल रही हैं। शिविर में सभी विभागों के स्टॉलों द्वारा भी लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# दूरस्त क्षेत्र की जनता तक सरकार पहुंचने का कर रही प्रयास

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दूरस्त क्षेत्र की जनता तक सरकार पहुंचने का प्रयास कर रही है। जनपद में यात्रा के 20 वें दिन यात्रा रथ कुरछोला ग्राम सभा में पहुंचा। रथ के साथ ही सभी विभागों के विभागीय स्टॉल भी यहां लगाए गए जिनके माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही नए पात्र लाभार्थियों को मौके पर विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए संचालित यह विकसित भारत संकल्प यात्रा पहाड़ी जनपदों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। दूरस्त गांवों में अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी पहुंच रहे हैं, लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। जिन समस्याओं का मौके पर निस्तारण हो सकता है उन्हें निस्तारित किया जा रहा है। पात्र लाभार्थी जो किसी भी कारण से जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं उन्हें उनके घर पर सभी जानकारियां प्राप्त हो रही हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया मेधावियों को सम्मानित

इस दौरान उन्होंने गांव के विद्यालय के मेधावी छात्र–छात्राओं को एवं पहाड़ी उत्पाद तैयार कर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहे महिला समूहों को भी सम्मानित किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आभा कार्ड भी लाभार्थियों को सौंपे।

नोडल अधिकारी जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि गांव में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में 120 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। वहीं 40 लोगों ने टीबी की स्क्रीनिंग करवाई और 75 लोगों को आभा कार्ड भी जारी किए गए। इसके अलावा ग्रामीणों को विभागीय स्टॉलों के माध्यम से कृषि विभाग, उद्यान, मत्स्य समेत तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्राधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी जनता के समक्ष साझा किए।

## खेल टीम भावना को करते हैं मजबूतः झा

**संवाददाता** हरिद्वार। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों को न केवल अलग–अलग संस्कृतियों को जानने का मौका मिलता है, बल्कि एक दूसरे की कार्यशैली से भी परिचित होते हैं। इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों में टीम भावना को और मजबूत करने में मदद मिलती है। बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब, हरिद्वार के तत्वावधान में तीन दिवसीय बीएचईएल अन्तर इकाई शूटिंगबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारम्भ हुआ। सेक्टर–4 स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी विवेक कुमार ने किया। अन्तर इकाई शूटिंगबॉल प्रतियोगिता में बीएचईएल की 08 इकाइयों की टीमें भाग ले रही हैं।

# जीडीपी ग्रोथ की बढ़ी हुई रफ्तार

**ध्यान देने की बात यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार ने वित्त घाटे में राजस्व घाटे का हिस्सा कम कर लिया है। सीधे शब्दों में इसका मतलब यह है कि कर्ज का बड़ा हिस्सा निवेश में लग रहा है। इसके अलावा घरेलू बचत के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है।**

अनुज सनवाल।।

मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में जीडीपी ग्रोथ की बढ़ी हुई रफ्तार ने सबको चौंका दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि इकॉनमी इस अवधि में 7.6 फीसदी की रफ्तार हासिल करेगी। रिजर्व बैंक का भी अनुमान 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी का था। इस आंकड़े से जुड़े कुछ खास पहलू ध्यान देने लायक हैं। पहला, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 13.9 फीसदी बढ़कर 7.15 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। दूसरा, कंस्ट्रक्शन क्षेत्र 13 फीसदी इजाफे के साथ 3.04 लाख करोड़ का हो गया है। तीसरा, निवेश में 11 फीसदी की बढ़त हुई है, जिसके बाद यह 14.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हालांकि इन चमकते बिंदुओं के साथ ही ग्रोथ के आंकड़ों से जुड़े कुछ ऐसे भी पहलू हैं, जो राह में आगे खड़ी चुनौतियों की ओर संकेत करते हैं। एक बात तो यही है कि प्राइवेट खपत में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी धीमी रही है। इस दौरान इसमें महज 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो आमदनी के वितरण के लिहाज से अच्छी खबर नहीं कही जा सकती। यह बड़ी बात है क्योंकि देश के ळक्च में खपत की भागीदारी 60 फीसदी है। इसके अलावा एक अहम मसला है कृषि क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन। पहली तिमाही में 3.5 फीसदी की रफ्तार दिखाने वाला कृषि क्षेत्र दूसरी तिमाही में 1.2 फीसदी की बढ़ोतरी ही दर्ज करा सका।

सबसे बड़ी बात यह है कि साल के अगले हिस्से में भी इस क्षेत्र में बढ़ोतरी की अच्छी संभावना नहीं दिख रही, जिसका असर ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर पड़ सकता है। मगर इन चुनौतियों के बावजूद देश की इकॉनमी पूरी दुनिया की उम्मीद का आधार बनी हुई है। उसके पीछे एक बडा फैक्टर है टैक्स कलेक्शन के मजबूत आंकड़े। ध्यान देने की बात यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार ने वित्त घाटे में राजस्व घाटे का हिस्सा कम कर लिया है। सीधे शब्दों में इसका मतलब यह है कि कर्ज का बड़ा हिस्सा निवेश में लग रहा है। इसके अलावा घरेलू बचत के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में म्युचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ा है। खासकर 2021–22 में इसमें ढाई गुना बढ़ोतरी देखी गई और उसके अगले साल यानी 2022–23 में 12 फीसदी की वृद्धि हुई। साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई इकॉनमी है और इसे वैश्विक तौर पर ब्राइट स्पॉट माना जा रहा है तो यह स्थिति तुरंत बदलने वाली नहीं है। रिजर्व बैंक सालाना ळक्च के अनुमान में बदलाव लाता है या नहीं, यह देखना होगा। लेकिन कई स्वतंत्र विश्लेषक ऐसे संशोधित अनुमान पेश कर चुके हैं।

मसलन, बार्कलेज ने इसे 6.3 से बदलकर 6.7 कर दिया है। मगर 6.3 फीसदी की अनुमानित विकास दर के साथ भी भारत IMF के अक्टूबर में जारी वर्ल्ड इकॉनमिक आउटलुक प्रोजेक्शन में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में शामिल था। जाहिर है, कोई अप्रत्याशित उतार–चढ़ाव नहीं हुआ तो भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की उम्मीद बनी रहेगी।

## तुलसी का महत्व

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** वास्तु के अनुसार तुलसी को ईशान कोण यानि पूरब और उत्तर के कोण में लगाना उत्तम माना गया है। इसके अलावे पूरब और उत्तर की दिशा में भी तुलसी लगा सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में तुलसी का पौधा दक्षिण दिशा को छोड़कर किसी भी दिशा में लगा सकते हैं। लेकिन दक्षिण दिशा में तुलसी का पौधा लगाना बहुत नुकसान देने वाला माना गया है। साथ ही यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि तुलसी के आसपास कोई भी अन्य पौधा नहीं रहे। वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे के आस–पास अन्य पौधों का होना अशुभ माना गया है। ऐसा माना जाता है कि तुलसी के आसपास घास या अन्य पौधा घर में दरिद्रता की स्थिति पैदा करता है।

## संपादकीय

### गलत संदेश

स्वतंत्र न्यायपालिका भी लोकतंत्र का अटूट अंग है। इसके बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। एक सामान्य व्यक्ति सरकार से लड़कर जीत जाता है क्योंकि एक निष्पक्ष पंच है। इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि हर हाल में न्यायपालिका की स्वायत्तता एवं मजबूती बनाए रखे। अभी तो आलम यह है कि सरकार बिना अवमानना याचिका दायर हुए किसी फैसले को लागू ही नहीं करती। ध्यान रहे, संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश का कानून माना जाता है। 1993 का फैसला भले गलत हो, लेकिन वह भी देश का कानून है जिससे सरकार भी बंधी है। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसी स्वायत्त संस्थाएं ऐसे समय अक्सर अतिरिक्त सक्रियता दिखाने लगती हैं। जब एक दल के पास स्पष्ट बहुमत होता है और सरकार मजबूत होती है तो हालात अलग होते हैं। 1989 से 2014 तक भारत में गठबंधन सरकारें रहीं। इस दौरान न्यायिक सक्रियता शिखर पर रही। इसके कई अच्छे परिणाम भी मिले। लेकिन न्यायिक सक्रियता का एक हद से आगे जाना लोकतंत्र को चोटिल करता है। जाहिर है, कलीजियम की सिफारिशों पर सरकार का मौजूदा रुख गलत संदेश देता है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को संभवतरू दोनों ही पक्षों से थोड़ी और जिम्मेदारी एवं परिपक्वता की उम्मीद है।

उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को पूर्ण सुरक्षा और स्वायत्तता मिली हुई है। एक बार नियुक्त होने के बाद सिर्फ महाभियोग के जरिए ही उन्हें हटाया जा सकता है।

# संविधान सभा का रुख

सुधांशु रंजन।।

जजों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच 1993 से लगातार तनाव बना हुआ है, जब शीर्ष अदालत ने इसका अधिकार कार्यपालिका से छीनकर कलीजियम को दे दिया था। यही तनाव हाल में फिर टकराव के रूप में सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट असोसिएशन, बेंगलुरु की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार के रवैये की तीखी आलोचना की। अदालत को शिकायत है कि जजों नियुक्ति और तबादले से जुड़ी उसकी सिफारिशों पर सरकार अपनी सुविधा के अनुसार कार्रवाई करती है। यानी कुछ को मानती है, कुछ पर चुप बैठ जाती है।

संघीय संविधान समिति के गठन के तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट के गठन और उसकी शक्ति पर विचार करने के लिए एक विशेष समिति बनाई गई। फेडरल कोर्ट के पूर्व जज एस वर्दचारियार, अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर, बी एल मितर, के एम मुंशी जैसे जाने–माने विधिवेत्ता और बी एन राव जैसे संवैधानिक सलाहकार इसके सदस्य थे। समिति ने सुझाव दिया कि नियुक्ति का अधिकार पूरी तरह कार्यपालिका के हाथों में नहीं होना चाहिए। लेकिन अंततः संविधान सभा ने यह अधिकार सरकार को ही देना मुनासिब समझा। सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति के



लिए देश के चीफ जस्टिस (ब्श्रप्) और हाइ कोर्टों के जजों के लिए CJI के अलावा संबंधित हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और उस राज्य के राज्यपाल से परामर्श का प्रावधान किया गया। 1993 तक यह व्यवस्था चलती रही। कभी कोई बड़ी समस्या नहीं हुई। कुछेक मामलों को छोड़कर हमेशा CJI की सिफारिश मानी गई। 1993 में सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि जजों की नियुक्ति ब्श्रप् और दो सबसे सीनियर जजों का कलीजियम करेगा। तभी से सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच इस मुद्दे पर तनाव बना हुआ है। संसद की कुछ स्थायी समितियों ने कई बार 1993 से पहले की स्थिति को बहाल करने पर जोर दिया। 2008 में न्यायमूर्ति ए आर लक्ष्मणन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने भी ऐसी ही सलाह दी।

वाजपेयी सरकार में नैशनल जुडिशल कमिशन के गठन के लिए विधेयक लाया गया, जो लोकसभा भंग होने के कारण पास नहीं हो पाया। 2014 में 99वें संविधान संशोधान के जरिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन किया गया। इस विधेयक को संसद ने निर्विरोध पारित किया और 20 विधानसभाओं ने इसकी पुष्टि की। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने इसे असंवैधानिक करार दिया। दुनिया में कहीं भी जजों को जजों की नियुक्ति करने का अधिकार नहीं है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित सरकार को जजों की नियुक्ति प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर रखना अलोकतांत्रिक है। वैसे यह बात सही है कि सरकार आज सबसे बड़ी मुकदमेबाज है। यानी सबसे अधिक मामलों में वह एक पक्ष है। किंतु उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को पूर्ण सुरक्षा और स्वायत्तता मिली हुई है। एक बार नियुक्त होने के बाद सिर्फ महाभियोग के जरिए ही उन्हें हटाया जा सकता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि उन्हें कौन नियुक्त करता है।

तबादलों के बारे में भी संविधान में अनुच्छेद 222 में स्पष्ट प्रावधान है कि राष्ट्रपति CJI से परामर्श कर हाईकोर्ट के जजों का ट्रांसफर कर सकते हैं। 1975 तक इस प्रावधान का उपयोग बहुत कम किया गया।

### अष्टयोग- 4965

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | |
| | 30 | | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | | 2 | | 3 | 7 | |
| | 29 | 6 | 40 | | 34 | |
| | 3 | | 7 | 6 | 1 | 2 |
| | 33 | | 42 | | 26 | |
| 3 | 1 | | | 2 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. खड़ी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4964 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 30 | 7 | 41 | 4 | 37 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अपना ब्लॉग

### गठबंधन की सरकार कमजोर होती है

**मोहन।** आपातकाल के दरम्यान हाईकोर्टों ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का मजबूती के साथ बचाव किया, जबकि सुप्रीम कोर्ट एक हद तक सरकार के सामने समर्पण कर चुका था। जून 1976 में अचानक 16 जजों का तबादला किया गया। इसे इस आधार पर चुनौती दी गई कि यह एक संवैधानिक पद है और जज किसी एक हाईकोर्ट के जज के रूप में शपथ लेता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि हालांकि जज सरकारी मुलाजिम नहीं है, उसका तबादला किया जा सकता है, लेकिन उससे पहले मुख्य न्यायाधीश के साथ सलाह–मशवरा करना होगा। 1993 के फैसले का कोई संवैधानिक/कानूनी आधार नहीं है। न्यायपालिका ने विधायिका का काम किया और शक्ति अपने हाथ में ले ली। इसलिए यह सबसे खतरनाक फैसला माना जाता है। 1993 में केंद्र में गठबंधन की सरकार थी। ऐसी सरकार हमेशा कमजोर होती है।





## एनिमल में कैसे शूट हुआ इंटिमेट सीन, तृप्ति डिमरी ने बताया सेट का हाल

किसी भी एक्टर के लिए इंटिमेट सीन करना कोई आसान बात नहीं होती है। वह चाहता है कि सेट पर अगर ऐसा कोई शॉट हो रहा है तो उसे सिक्योर फील कराया जाए। तृप्ति डिमरी ने बताया कि फिल्म एनिमल में उनके और रणबीर कपूर के इंटिमेट सीन के दौरान, डायरेक्टर संदीप रेड्डी ने उनके हिसाब से, इस सीन के दौरान काफी कुछ व्यवस्था की थीं। जिस दिन उन्होंने मुझे फिल्म ऑफर की, संदीप सर ने मुझे साफ कहा था, 'अरे, यह वह सीन है जिसे मैं शूट करना चाहता हूं। मैं इसे इस तरह से देख रह हूं। मैं आपसे वादा करता हूं कि यह अश्लील नहीं होगा, इसे सलीके से शूट किया जाएगा। लेकिन मुझे आपके कम्फर्ट का भी सोचना है। इसलिए अगर आप सहज नहीं हैं, तो हम इसे करने का एक अलग तरीका सोचेंगे। लेकिन आपको मुझे ये बात ईमानदारी से बतानी होगी। तृप्ति ने बताया कि एनिमल के सेट पर वह सभी के साथ पहुंची थीं। उन्हें वहां बहुत ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करवाया गया। एक्ट्रेस के मुताबिक, जब वो इंटिमेट सीन शूट किया गया तो उस दौरान सेट को बंद करवा दिया गया था। रणबीर ने सुनिश्चित किया कि मैं सहज रहूं। जाहिर तौर पर हिचकी थी, मैं घबरायी हुई थी, लेकिन उन्होंने मुझे बहुत सहज महसूस कराया। तृप्ति ने आगे बताया, श्सेट पर सिर्फ चार लोग थे। मैं रणबीर, डीओपी, अमित रॉय और संदीप सर। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मैं कम्फर्टेबल स्पेस में हूं।

## पुलिस ने पंजाब यूनिवर्सिटी में रुकवाया सिंगर सरताज का शो तो स्टूडेंट्स ने मचाया बवाल

पंजाब के पटियाला स्थित राजीव गांधी लॉ यूनिवर्सिटी में हंगामा मच गया। यहां स्टूडेंट्स ने स्थानीय पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारे लगाए। बवाल तब हुआ, जब पंजाबी सूफी सिंगर सतिंदर सरताज के चल रहे शो को पुलिस बंद करवाने पहुंच गई। शाम यूनिवर्सिटी में महफिल–ए–सरताज नाम से शो का आयोजन किया गया था। शो में सतिंदर सरताज जब स्टेज पर अपना गाना औजार गा रहे थे, तो पुलिस वहां पहुंच गई।, सतिंदर सरताज को पुलिस के आने की जानकारी उनके असिस्टेंट ने दे दी थी। पर सतिंदर गाते रहे और फिर पुलिस स्टेज पर ही पहुंच गई। पुलिस ने सतिंदर सरताज को समय खत्म होने की जानकारी दी और शो बंद करने के लिए कहा। सतिंदर सरताज भी शो बंद करने के लिए मान गए। पंजाबी सूफी सिंगर ने शो बीच में बंद करने की वजह से सभी स्टूडेंट्स से माफी मांगी, लेकिन वो भड़क गए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कॉलेज के कैंपस में स्टूडेंट्स ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए और खूब बवाल मचाया।

## धोखाधड़ी केस में अंतरिम जमानत के साथ मिला देश न छोड़ने का आदेश



एक्ट्रेस जरीन खान को 2018 में हुए धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें इस केस में अंतरिम जमानत दे दी गई है। कोलकाता की सियालदाह कोर्ट में इस केस की सुनवाई के दौरान जरीन खान भी मौजूद थीं। कोर्ट ने एक्ट्रेस को अंतरिम जमानत तो दे दी, पर साथ ही बिना इजाजत देश छोड़कर न जाने का आदेश भी दे दिया। मालूम हो कि कुछ महीने पहले ही धोखाधड़ी केस में जरीन खान के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। कोलकाता में एक दुर्गा पूजा प्रोग्राम में परफॉर्म करना था। उन्होंने प्रोग्राम के ऑर्गनाइजर्स से इसके लिए एडवांस में 12 लाख रुपये भी ले लिए थे। लेकिन जरीन खान न तो प्रोग्राम में पहुंचीं और ना ही किसी को बताया। ऑर्गनाइजर्स जरीन खान के आने का इंतजार करते रहे, पर एक्ट्रेस ने कुछ रिस्पॉन्स नहीं दिया। यह देख ऑर्गनाइजर्स ने तब जरीन खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवा दिया था। कुछ महीने पहले इस मामले में एक्ट्रेस के लिए गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। 11 दिसंबर को जब कोलकाता की सियालदाह कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई, तो जरीन खान मुंबई से वहां पहुंचीं।

# मनीषा रानी ने फाइनली खरीदी पहली लग्जरी कार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*मनीषा रानी बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की फाइनलिस्ट। इन्होंने शो में आकर अपनी एक अलग पहचान बनाई। लोगों ने इन्हें खूब प्यार दिया। बाहर आने के बाद इन्होंने दर्शकों को खूब एंटरटेन भी किया। अपने लटके–झटके से तो ये दुनिया को दीवाना बनाती ही रहती हैं। कई दिग्गजों के साथ म्यूजिक वीडियो भी कर चुकी हैं। अपने चुलबुलेपन से मनीषा ने अपने चाहने वालों को निराश नहीं किया। पहले इन्होंने मुंबई में बालकनी वाला फ्लैट खरीदा था। उसके बाद अब उन्होंने चमचमाती नई लग्जरी कार खरीद ली है। इसका वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।*

**दिखाई चमचमाती मर्सडीज की झलक**

मनीषा रानी 26 साल की उम्र में काफी पॉप्युलर हो गई हैं। बिहार से आने वाली एक्ट्रेस ने पहले भोजपुरी इंडस्ट्री में काम किया और अब सोशल मीडिया क्वीन बन गई हैं। जहां इंस्टाग्राम पर इनके 10 मिलियन फॉलोवर्स हुए। वहीं, अब इनके घर पर भी एक खास मेहमान की एंट्री हो गई है। मनीषा ने मर्सडीज खरीदी है। जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये है। लेकिन एक्ट्रेस ने जो सपना देखा था, वो आखिरकार पूरा कर लिया है।







**मनीषा रानी की पहली कार**

वीडियो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, सपने इतने दूर नहीं हैं, आखिरकार मुझे पहली कार मिल गई। इसके अलावा उन्होंने वीडियो में वॉइस ओवर किया है। जब वह अपनी कार को अनवील कर रही हैं तो बैकग्राउंड में कहती हैं, श्एक दिन में सपने पूरे नहीं होते। लेकिन अगर हम रोज मेहनत करते हैं तो सपना एक दिन जरूर पूरा होता है। इसके बाद वह अपनी ब्लैक मर्सडीज कार दिखाती हैं। वह उसमें बैठती हैं और ड्राइव करके वहां से निकल जाती हैं।

**अब्दु रोजिक का रिएक्शन**

इस वीडियो के सामने आने के बाद दोस्त और को–कंटेस्टेंट आशिका भाटिया ने रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा, श्बधाई हो मेरी प्यारी। इसके साथ उन्होंने ढेर सारे रेड हार्ट इमोजी लगाए हैं। वहीं, अब्दु रोजिक ने भी रेड हार्ट इमोजी से अपनी खुशी जाहिर की है। कोरियोग्राफर अलीशा सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने बधाई दी।

# अनुष्का शर्मा ने लंदन में विराट कोहली संग मनाई वेडिंग एनिवर्सरी

*बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली ने 11 दिसंबर को अपनी छठी सालगिरह मनाई। उन्होंने हालांकि पूरे दिन कोई पोस्ट नहीं किया। फैन्स इंतजार ही करते रह गए कि अब दोनों एक–दूसरे के लिए कुछ कहेंगे। कुछ लिखेंगे। मगर ऐसा नहीं हुआ। अब वामिका की मां ने सोशल मीडिया पर विराट के लिए एक पोस्ट किया है। और उसमें उन पर जमकर प्यार बरसाया है। इतना ही नहीं, पार्टी के दौरान की कुछ इनसाइड फोटोज भी वायरल हो रही हैं।*



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने 11 दिसंबर, 2017 में इटली में जाकर गुपचुप शादी की थी। लोगों को मालूम न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा था। अब इनके साथ को 6 साल बीत चुके हैं। ये एक बेटी के पेरेंट्स भी बन गए हैं। अब इसी खास मौके पर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें वह विराट को गले में हाथ डाले दिखाई दे रही हैं। उधर, विराट ने भी कुछ फोटोज शेयर की हैं।

**अनुष्का शर्मा ने दिया विराट को नया नाम**

पोस्ट में अनुष्का शर्मा ने लिखा है, पूरा दिन दोस्तों और परिवार के साथ गुजरा। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने में बहुत देर हो गई? 6 साल हो गए और मेरे न्यूमरो यूनो के साथ अनगिनत साल बाकी हैं। इसके बाद सामंथा रुथ प्रभुने रिक्ट किया। उन्होंने कपल को एनिवर्सरी की बधाई दी। स्मृति खन्ना, पीवी सिंधू, दानिश सेत, मल्लिका दुआ समेत अन्य ने भी शुभकामनाएं दी। यहां आपको न्यूमरो यूनो का मतलब भी बता दें। दरअसल, इसका हिंदी मतलब होता है– किसी भी चीज से सबसे ज्यादा जरूरी, सबसे ज्यादा पसंदीदा।

**लंदन में विराट-अनुष्का की एनिवर्सरी**

वहीं, वीरिट कोहली ने भी पत्नी के साथ वही फोटो शेयर की है लेकिन फुल फ्लेज्ड में। इसके साथ कैप्शन में एक इन्फिनिटी और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट किया है। जिस पर भी दोस्त यारों ने भर–भरकर बधाई दी है। जानकारी के लिए, एनिवर्सरी कपल ने लंदन में सेलिब्रेट की है। वहां ही अपने दोस्तों और परिवार के साथ इस खास पल को मनाया है। हालांकि इस दौरान बेटी वामिका कहीं दिखाई नहीं दीं। कैमरे से उनको फिर से दूर रखा गया।

# फेफड़ों में जाकर जम जाती हैं ये चीज, बनाती हैं चिपचिपी गंदगी



**पुदीना**
पुदीना को शरीर की गर्मी कम करने वाला माना जाता है। इसी वजह से विंटर्स में इसका सेवन थोड़ा कम कर देना चाहिए। इसमें मौजूद मेंथोल का शरीर पर ठंडा असर पड़ता है। यह सिरदर्द, एसिडिटी और पेट दर्द से राहत देने के काम भी आता है।

*क्या आपको बार–बार खांसी हो रही है? क्या आपको छाती में भारीपन या जकड़न रहती है? क्या आपको सांस लेने में परेशानी हो रही है? क्या आपको सीने में दर्द हो रहा है? क्या आपकी नाक बह रही है या फिर छींक आती रहती है तो यह ठंड की बीमारी हो सकती हैं।*

ठंड की बीमारियों के पीछे आपका खाना हो सकता है। क्योंकि इस मौसम में ठंडी तासीर वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। इन्हें खाने से फेफड़ों में चिपचिपा कफ जमने लगता है, जिससे सांस की नली में सूजन और खांसी होती है। इसलिए सर्दियों में इन फूड्स को कम खाना चाहिए।

**खीरा**
खीरा बॉडी के हाइड्रेशन के लिए अच्छा है मगर इसकी तासीर ठंडी होती है। इसमें करीब 95 प्रतिशत पानी होता है और कब्ज का नाश होता है। मगर यह कफ दोष को असंतुलित कर सकता है और सर्दी–जुखाम का कारण बन सकता है।

**दही**
रात या ठंड में दही खाना नुकसानदायक हो सकता है। इसकी तासीर ठंडी होने की वजह से यह खांसी, जुकाम, बंद नाक और छाती में जकड़न को गंभीर बना सकती है। अगर आप इसका सेवन करना चाहते हैं तो इसमें गर्म तासीर वाले मसाले जरूर डालें। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक कफ बढ़ाने वाले मौसम में डेयरी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**लस्सी**
लस्सी पीने से भी आपका गला और फेफड़े खराब हो सकते हैं। यह खांसी को गंभीर इंफेक्शन में बदल सकती है। इसे दोपहर या धूप के वक्त ही पीएं वरना शरीर में कफ दोष असंतुलित हो जाएगा। इससे आपको सिरदर्द, बुखार, कफ बढ़ने जैसी दिक्कत हो सकती है।

**ठंडे फलों के जूस**
अगर आप जूस पीने के शौकीन हैं तो कफ, खांसी, ठंड की दिक्कत हो सकती है। तरबूज, मौसमी, गन्ना आदि का जूस तासीर में ठंडा होता है और आपके अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट को नुकसान पहुंचा सकता है।



## 2 तरीकों से 10 सेकंड में होगी नकली नमक की पहचान

आजकल खाने–पीने की लगभग हर चीज में तगड़ी मिलावट की जा रही है। दूध, चावल, नमक, तेल, घी, चीनी, दाल लगभग रोजाना खाई जाने वाली सभी चीजों में धड़ल्ले से खतरनाक केमिकल्स मिलाए जाते हैं। मिलावट का काम इतनी बारीकी से किया जाता है कि उसे पहचाना मुश्किल हो जाता है। योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव का मानना है कि खाने–पीने की बहुत से चीजों में मिलावट होती है। इन चीजों में मिक्स किया गया जहर थोड़ा–थोड़ा करके शरीर में जाता है और कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। मिलावटी नमक खाने से ब्रेन, किडनी, लीवर और पाचन सिस्टम के डैमेज और ब्लॉक होने का खतरा होता है। नमक के बिना तो खाने की कल्पना ही नहीं की जा सकती। चिंता इस बात की है कि नमक में भी भारी मात्रा में खतरनाक रसायनों की मिलावट की जा रही है। असल में आप आप अपने खाने में नकली नमक का इस्तेमाल कर रहे हैं। बाबा रामदेव आपको असली–नकली नमक की पहचान की कुछ आसान तरीके बता रहे हैं, जिन्हें आप घर भी ट्राई कर सकते हैं। जैसे एक आलू लेकिन और उसे बीच से काटकर दो हिस्से कर लें। आलू के टुकड़े पर सादा नमक या सेंधा नमक लगाएं। अगर कुछ देर के बाद आलू का रंग बदलने लगे तो समझ लेना या मिलावटी नमक है। अगर नमक शुद्ध है तो आलू का रंग नहीं बदलेगा।

## सुबह या शाम, कौन सा है वर्कआउट करने का बेस्ट टाइम?

कुछ लोग सुबह वर्कआउट के लिए जाते हैं, तो कुछ लोगों को जल्दी उठना पसंद नहीं होता, तो वो शाम को एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर माना जाता है कि सुबह करो या शाम को लेकिन एक्सरसाइज करना ज्यादा जरूरी है। हालांकि, अमेरिकन काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज द्वारा जारी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सुबह के समय वर्कआउट करने से पूरा दिन एनर्जी लेवल बेहतर रहता है। सुबह के समय वर्कआउट करना बेहतर क्यों माना जाता है? एक्सपर्ट्स के अनुसार, आपको जिम जाना हो या रनिंग पर जाना हो या फिर घर पर ही एक्सरसाइज करनी हो, सुबह जल्दी उठकर करें। मॉर्निंग एक्सरसाइज करने से दिमाग में न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होता है। यह दिमाग को तेज और इंद्रियों को सक्रिय बनाने के साथ कई विकास कार्य में सहायक भूमिका निभाता है। यही नहीं मॉर्निंग में एक्सरसाइज करने से शरीर दिन भर एक्टिव रहता है।

# किडनी के फिल्टर मजबूत बना देंगी ये सस्ती सब्जी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*किडनी शरीर का प्रमुख अंग है, शरीर में दो किडनी होती हैं और दोनों का काम शरीर से अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ निकालना है। किडनी शरीर की कोशिकाओं द्वारा उत्पादित एसिड को भी हटा देती है और आपके रक्त में पानी, नमक और खनिजों–जैसे सोडियम, कैल्शियम, फास्फोरस और पोटेशियम – का एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखती है। किडनी में किसी तरह की खराबी या बीमारी आपको बीमार बना सकती है। इससे आपको वजन कम होना, भूख कम लगना, शरीर में गंदे पदार्थ भरना, खून की कमी, टखनों, पैरों या हाथों में सूजन, एडिमा, सांस लेने में कठिनाई, थकान, पेशाब में खून आना, सोने में कठिनाई, किडनी में पथरी और त्वचा में खुजली जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।*

**किडनी को स्वस्थ कैसे करें?**
किडनी को साफ और मजबूत बनाने के तरीके के रूप में आप अपने खाने में सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा का मानना है कि रोजाना खाई जाने वाली कुछ सब्जियों में वो सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो किडनियों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी हैं।

**पत्तेदार साग**
पालक, केल और स्विस चार्ड जैसी पत्तेदार सब्जियां विटामिन ए, सी और के के साथ–साथ आयरन और फोलेट से भरपूर होती हैं। ये



हरी पत्तेदार सब्जियां किडनी पर अत्यधिक पोटैशियम डाले बिना आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करती हैं।

**फूलगोभी और पत्तागोभी**
यह एक बहुमुखी सब्जी है जिसमें पोटेशियम की मात्रा कम होती है, जो इसे किडनी के लिए एक बेहतर विकल्प बनाती है। फूलगोभी फाइबर और विटामिन सी का भी अच्छा स्रोत है। पत्तागोभी में एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ फाइटोकेमिकल्स होते हैं। यह एक कम पोटेशियम वाली सब्जी भी है जिसे किडनी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए डाइट में मिल किया जा सकता है।

**रेड बेल पेपर**
लाल बेल मिर्च में पोटेशियम कम होता है और इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन ए और सी होता है। यह दोनों ही पोषक तत्व किडनी के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

**लहसुन और प्याज**
लहसुन में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह अतिरिक्त सोडियम मिलाए बिना खाने में स्वाद जोड़ सकता है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी मदद कर सकता है। प्याज में संभावित एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी प्रभाव वाले फ्लेवोनोइड होते हैं। वे किडनी पर तनाव डाले बिना खाने में स्वाद जोड़ते हैं।

**मूली और खीरा**
मूली एक कम पोटेशियम वाली सब्जी है और इसे सलाद में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा यह विटामिन सी का भी बढ़िया ऑप्शन है। खीरे में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो पानी की कमी पूरी करता है। इनमें पोटेशियम की मात्रा कम होती है।

**गाजर और तोरी**
गाजर बीटा–कैरोटीन का एक अच्छा स्रोत है, जिसे शरीर विटामिन ए में परिवर्तित करता है। यह थोड़ी मीठी होने के साथ किडनी के लिए अनुकूल सब्जी है। तोरी में पोटेशियम कम होता है और इसका इस्तेमाल किडनी को स्वस्थ रखने के लिए किया जाता है।

## पैरों को खराब कर देगा कुर्सी पर बैठकर काम करना





ऑफिस या घर पर लैपटॉप या कंप्यूटर का घंटों इस्तेमाल करने से कई सारे साइड इफेक्ट्स झेलने पड़ते हैं। इस आदत से आपकी आंखों की रोशनी कम होने लगती है और लाइफस्टाइल सुस्त बनती जाती है। लेकिन इसके साइड इफेक्ट्स आपके पैरों को भी खराब कर सकते हैं, आइए जानते हैं कि डॉक्टर ने क्या बताया। गुरुग्राम के मेदांता में वैस्कुलर सर्जरी के चेयरमैन डॉ. राजीव पारख ने सलाह दी कि अगर आप कुर्सी पर बैठकर कंप्यूटर या लैपटॉप के सामने घंटों काम करने का है तो सिर्फ आंखें या वजन का ही नहीं, बल्कि पैरों की देखभाल भी करनी चाहिए। क्योंकि पैर आपका बोझ सारे दिन उठाते हैं और उनका ख्याल रखने की जिम्मेदारी भी आपकी है। डॉ. राजीव पारख ने पैरों को ज्यादा देर लटकाकर रखने के नुकसान बताए हैं। जैसे ब्लड सर्कुलेशन स्लो हो जाता है। पैरों में खून भरना शुरू हो जाता है, जिससे पैरों में सूजन आ जाएगी। दर्द और भारीपन रहने लगता है। खून भरी नीली–नली नसें बन सकती हैं, जिन्हें वैरीकोज वेन्स कहते हैं। पैरों में जख्म भी हो सकते हैं। जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनका पेट निकलने का खतरा ज्यादा रहता है। जब आप पैरों की केयर करने के लिए काम के बीच–बीच में उठकर चलते या स्ट्रेचिंग करते हैं तो इससे कैलोरी बर्न होती है। इससे वजन को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है।



सीरीज में भी जमकर लुटाए रन

## खो सी गई तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की धार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में अपने परफॉर्मेंस से हर किसी को निराश किया। उन्होंने दूसरे टी20 मैच में दो ओवर्स में 31 रन खर्च किए और इस दौरान कोई भी विकेट नहीं हासिल किया। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अर्शदीप सिंह को उनके पहले ओवर में ही खूब परेशान किया। अर्शदीप सिंह के पहले ओवर में कुल 24 रन बने, जिसके बाद ये मैच साउथ अफ्रीका की झोली में जाता हुआ नजर आया। सेंट जॉर्ज पार्क में खेले गए इस मैच में क्वै के तहत साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत मिली और इस जीत के साथ ही टीम ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम की गेंदबाजी दूसरे टी20 मैच में खराब नजर आई। पहले मोहम्मद सिराज ने खराब शुरुआत दिलाई और पहले ओवर में 14 रन खर्च किए। इसके बाद अर्शदीप ने एक बार फिर रन लुटवाने का काम किया और उनके ओवर में साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने 24 रन बटोरे। बारिश की वजह से भारतीय टीम की पारी पूरी नहीं हो पाई थी और भारत ने 19. 3 ओवर में 180 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद डीएलएस के तहत साउथ अफ्रीका को 152 रन का लक्ष्य मिला, जिसे साउथ अफ्रीका ने 13.5 ओवर में हासिल कर लिया।

बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में भी अर्शदीप सिंह रन लुटाते हुए नजर आए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अर्शदीप ने 4 विकेट हासिल किए, जबकि कुल 171 रन लुटाए। ऐसे में अर्शदीप सिंह का ग्राफ बढ़ने की बजाय गिरता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उन्हें अपनी कमजोरियों को जल्दी ठीक करना होगा, क्योंकि टीम मैनेजमेंट उन्हें बार–बार मौका देते हुए नजर नहीं आ सकती है।

# फाइनल के बाद वापसी करना और आगे बढ़ना होता है मुश्किल

**क्रिकेट**

### रोहित शर्मा ने विश्व कप फाइनल में मिली हार के बाद अपनी मन की बात कही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार मिली थी। इस हार के बाद फैंस ही नहीं, बल्कि कप्तान रोहित शर्मा का दिल टूट गया था। सभी प्लेयर्स मैदान पर इमोशनल नजर आए थे,। वहीं, विश्व कप के बाद खिलाड़ी इस हार के बाद अपने घर छुट्टियां मनाते हुए नजर आए। कप्तान रोहित शर्मा इस हार को पचा नहीं पाए और करीब एक महीने बाद अब रोहित ने विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार के बाद अपनी मन की बात कहीं है। हाल ही में रोहित शर्मा ने इंस्टाग्राम चैनल पर इंटरव्यू देते हुए कहा कि फाइनल के बाद वापसी करना और आगे बढ़ना मुश्किल होता है।

दरअसल, टीम इंडिया के कप्तान



रोहित शर्मा ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस गम से कैसे बाहर आना है। हार के बाद कुछ दिन तो मुझे समझ ही नहीं आया कि क्या करना है। मेरे परिवार, दोस्तों ने मुझे सपोर्ट किया और सब भूलकर आगे बढ़ने को कहा। मेरे आसपास के माहौल को थोड़ा हल्का रखा, जिससे काफी मदद मिली और ये काफी मुश्किल होता है कि इस गम के बाद इंसान आगे बढ़ जाए। मैं उन सभी लोगों के लिए महसूस करता हूं जो हमारे साथ मिलकर उस विश्व कप को उठाने का सपना देख रहे थे।

रोहित ने आगे कहा, इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान हम जहां भी गए, सबस पहले स्टेडियम में आने वाले फैंस और घर से देखने वाले लोगों से हमें काफी सपोर्ट मिला। मैं उस डेढ़ महीने के समय में लोगों ने हमारे लिए जो किया है, उसकी सराहना करना चाहता हूं, लेकिन फिर अगर मैं इसके बारे में ज्यादा सोचता हूं तो मुझे काफी निराशा होती है कि हम कैसे पूरे 10 मैच जीतने के बाद भी कामयाब नहीं हुए।

कप्तान रोहित ने आगे कहा कि मैं हमेशा 50 ओवर का विश्व कप देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे लिए वह सर्वोच्च पुरस्कार था, 50 ओवर का विश्व कप। हमने उस विश्व कप के लिए इतने वर्षों तक काम किया है। और यह निराशाजनक है, है ना? लेकिन आप इसमें सफल नहीं होते हैं, तो वह नहीं मिलेगा जो आप चाहते हैं, आप इतने समय से क्या खोज रहे थे, आप क्या सपना देख रहे थे। आप निराश हो जाते हैं। आप कई बार निराश भी हो जाते हैं।

# जोहान्सबर्ग में होगा बल्लेबाजों का राज या कहर बनकर टूटेंगे गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका दौरे का आगाज टीम इंडिया के लिए अच्छा नहीं हुआ है। दूसरे टी–20 मुकाबले में भारतीय टीम को मेजबानों के हाथों 5 विकेट से करारी हार का मुंह देखना पड़ा। सीरीज का तीसरा और आखिरी टी–20 मैच अब जोहान्सबर्ग में 14 दिसंबर को खेला जाना है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम सीरीज का अंत 1–1 की बराबरी से करना चाहेगी। वहीं, साउथ अफ्रीका की निगाहें सीरीज को अपने नाम करने पर होगी।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा टी–20 मुकाबला जोहानसबर्ग के न्यू वांडरर्स मैदान पर खेला जाएगा। वांडरर्स के मैदान पर बल्लेबाजों का बोलबाला

**दूसरे टी–20 में टीम इंडिया को झेलनी पड़ी थी 5 विकेट से हार**

रहता है। इस ग्राउंड पर जमकर चौके–छक्कों की बरसात होती है और अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर आसानी से आती है। हालांकि, शुरुआत में पिच में नमी होने की वजह से तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है।

न्यू वांडरर्स के मैदान पर अब तक कुल 26 टी–20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 13 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है, जबकि इतने ही मैचों में मैदान रनों का पीछा करने वाली टीम ने मारा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 171 का रहा है, तो दूसरी इनिंग में औसतन स्कोर 145 का रहा है। यानी इस ग्राउंड पर पहले बैटिंग करने का फैसला ज्यादा फायदेमंद साबित हुआ है।

रुतुराज गायकवाड़ दूसरे टी–20 मुकाबले में बीमार होने की वजह से प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं रहे थे। रुतुराज की जगह पर शुभमन गिल को अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया था। हालांकि, गिल बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे और बिना खाता खोले पवेलियन लौटे थे।

ऐसे में निर्णायक टी–20 मैच में रुतुराज की टीम में वापसी तय मानी जा रही है। हालांकि, रुतुराज के प्लेइंग 11 में लौटने पर गिल या यशस्वी में से कौन बाहर बैठता है यह देखना दिलचस्प होगा। वहीं, जितेश शर्मा भी दूसरे टी–20 में बल्ले से फ्लॉप रहे थे और उनकी जगह पर ईशान किशन टीम में लौट सकते हैं।

## पर्थ टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 का हुआ एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग–11 का एलान कर दिया है। 14 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट खेला जाना है, जिसके लिए कंगारू टीम में ट्रेविस हेड को टेस्ट उप–कप्तान बनाया है। हेड को स्टीव स्मिथ के साथ सह उप–कप्तान के रूप में नामित किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ मैदान पर उतरेगी। टीम के पास 6 बैटर्स होंगे, जबकि एक विकेटकीपर और 4 गेंदबाजों के साथ कंगारू टीम पाकिस्तान को हराने के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ टेस्ट के लिए दो–दो उपकप्तान नियुक्त किए हैं। वहीं, मैच के लिए दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन की वापसी हुई है। दरअसल, पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग–11 का एलान हो चुका है, जिसमें डेविड वॉर्नर को जगह मिली है। उनके अलावा ट्रेविस हेड को ऑस्ट्रेलिया का उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।

## न्यूज डायरी



### छक्का मारकर कांच तोड़ने के बाद रिंकू सिंह ने माफी मांगकर जीता दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी–20 के दौरान अपने करारे छक्के से स्टेडियम का कांच तोड़ने वाले बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माफी मांग ली है। युवा भारतीय बल्लेबाज रिंकू ने कहा कि उन्हें तो पता भी नहीं था कि शॉट जाकर मीडिया बॉक्स के कांच में लगा और नुकसान हो गया और सॉरी (मुस्कुराते हुए)। दरअसल, बीती रात कैबेखा में शुरुआती झटकों के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 56 रन की उम्दा पारी खेली। बाद में रिंकू सिंह (68' रन, 39 गेंद) के प्रहारों से टीम ने बारिश की वजह से इनिंग्स बाधित होने तक 19.3 ओवर्स में सात विकेट पर 180 रन बनाए। अपने 11वें टी20 इंटरनेशनल मैच में पहली फिफ्टी लगाने वाले रिंकू के बल्ले से नौ फोर और दो सिक्स निकले, जिसमें से एक छक्के ने स्टेडियम के मीडिया बॉक्स का कांच तड़का दिया। वर्षाबाधित दूसरे टी–20 में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 15 ओवर में 152 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने 13.5 ओवर में हासिल कर लिया। मैच में पांच विकेट से हार के बाद रिंकू सिंह का इंटरव्यू बीसीसीआई टीवी पर पब्लिश हुआ, जिसमें वह छक्के से कांच तोड़ने के लिए सॉरी बोलते देखे जा सकते हैं। वही तिलक वर्मा ने मैच के बाद कहा, 'पहली पारी में विकेट धीमा था।

### आईपीएल से होगी टाटा की विदाई? बीसीसीआई ने कर दिया बड़ा इशारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी उद्योग समूह में से एक टाटा फिलहाल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग की टाइटल स्पॉन्सर है। हालांकि, 2023 सीजन के बाद उसके पास संभवतरू स्पॉन्सरशिप नहीं रहे। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 2024–2028 के लिए टाइटल स्पॉन्सर अधिकारों के लिए निविदा आमंत्रण (टेंडर) जारी करने की घोषणा की। टाटा समूह के पास 2023 सीजन के अंत तक टाइटल स्पॉन्सरशिप था और बीसीसीआई ने अब इसके लिए नए टेंडर जारी किए हैं। टाटा समूह ने 2022 में उस समय के राजनीतिक तनाव के कारण चीनी मोबाइल निर्माता वीवो से जिम्मा संभाला था। वीवो के प्रायोजन अधिकार को 2020 में वापस रोक दिया गया था जब भारत को चीन के साथ सीमा पार तनाव का सामना करना पड़ा था। ड्रीम इलेवन ने दो साल की अवधि के लिए वीवो की जगह स्पॉन्सरशिप ली थी, जबकि उसके बाद टाटा समूह मोर्चा संभाला था। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा– इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गवर्निंग काउंसिल इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 2024–2028 के लिए टाइटल स्पॉन्सर अधिकार प्राप्त करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। आईटीटी दस्तावेजों को खरीदने की प्रक्रिया इस नोटिस के अनुलग्नक ए में सूचीबद्ध है।

### आंद्र रसेल ने वापसी कर किया बड़ा धमाका, गेंद के बाद बल्ले से लूटी महफिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला टी20 मैच 12 दिसंबर को खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज की नेशनल टीम में दो साल बाद वापसी कर रहे आंद्रे रसेल ने बल्ले के बाद गेंद से खूब महफिल लूटी। ब्रिजटाउन में खेले गए इस मैच में वेस्टइंडीज ने रसेल के परफॉर्मेंस के दम पर इंग्लैंड को 4 विकेट से मात दी। इस तरह कैरेबियाई टीम ने सीरीज में 1–0 से बढ़त बना ली है। दरअसल, मेजबान वेस्टइंडीज की टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1–0 से आगे हो गई है। आंद्रे रसेल को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। ब्रिजटाउन के केनसिंग्टन ओवल में खेले गए पहले टी20 मैच में इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 19.3 ओवर में 171 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से ओपनर फिल सॉल्ट ने 40 रन बनाए, जबकि कप्तान जोस बटलर 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लियाम लिविंगस्टोन ने 27 रन की पारी खेली। वहीं, विल जैक्स 17 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बेन डकेट 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट झटके। उनके अलावा अल्जारी जोसेफ ने 3 विकेट हासिल किए। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान वेस्टइंडीज की टीम ने 18.1 ओवर में जीत दर्ज की। शाई होप ने 36 रन, जबकि काइल मायर्स 35 रन बनाकर आउट हुए।

निवनिर्वाचित सीएम डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होते हुए सीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद को अब राजपत्रित अधिकारी की प्रतिष्ठा प्रदान होगी

**संवाददाता** देहरादून। राज्य सरकार ने मिनिस्टीरियल संवर्ग के 'मुख्य प्रशासनिक अधिकारी' पद को राजपत्रित अधिकारी की प्रतिष्ठा प्रदान की है। विदित हो कि मिनिस्ट्रियल संवर्ग के द्वारा लंबे समय से यह मांग की जा रही थी, जिस पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी ने मिनिस्ट्रियल संघ को व्यवस्था में शीघ्र बदलाव किए जाने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में राज्य शासन की ओर से इस बाबत गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। राज्यपाल महोदय की स्वीकृति के उपरांत सचिव शैलेश बगोली की ओर से इस आशय के आदेश आज जारी किए गए हैं।

### एडीबी देगा 200 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा

**संवाददाता** देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की विद्युत व्यवस्था तथा पावर ट्रांसमिशन की मजबूती में सुधार तथा विद्युत आपूर्ति में बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु एशियाई विकास बैंक द्वारा 200 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री का भी आभार जताया है। सीएम ने कहा कि इससे राज्य की सुचारू विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी तथा भारत में एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट मिशन निदेशक होयुन जियोंग द्वारा ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

### पांच खिलाड़ियों का विजय मर्चेंट ट्राफी में चयन

**संवाददाता** देहरादून। विजय मर्चेंट ट्राफी में दून बलूनी के पांच खिलाड़ियों का अंडर–16 में चयन हुआ है। वे इस टूर्नामेंट में राज्य की टीम से खेलेंगे। बुधवार को सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में उनका सम्मान किया गया। बलूनी ग्रुप के निदेशक विपिन बलूनी ने बताया कि समर्थ सेमवाल, स्पर्श भंडारी, दीप ज्योति, कृष्ण बर्डथ्वाल और जाहिद खान का प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। समर्थ सेमवाल वर्ष 2019–20 में भी अंडर–14 में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में हुई पहली लिस्टिंग

**संवाददाता** देहरादून। एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग आशीषकुमार चौहान (प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की उपस्थिति में हुई और इस मौके पर डॉ. आर बालासुब्रमण्यम (अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), रमेश स्वामी (संस्थापक निदेशक, उन्नति), अश्वनी भाटिया (पूर्णकालिक सदस्य, सेबी) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे।

## रिपोर्ट तैयार कर भुगतान में पारदर्शिता लाने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

■ प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा

■ प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा भवन स्थित सभागार कक्ष में राज्य के सभी क्रय केन्द्रों में धान क्रय, मंडुआ क्रय की अद्यतन स्थिति लक्ष्यवार आवंटन, क्रय एवं भुगतान के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान क्रय को लेकर भारत सरकार द्वारा 08 लाख 30 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष 06 लाख 39 हजार 259 मीट्रिक टन का धान क्रय किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष लक्ष्य को 31 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि क्रय करने वाली ऐजेन्सियों को भी ससमय अपने लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए इसपर गम्भीरता से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय करने में किसी तरह की परेशानी न हो तथा किसानों को उनके द्वारा चयनित स्थानों पर ही क्रय केन्द्र उपलब्ध कराये जाएं।

मंत्री ने कहा कि धान क्रय करने वाली 06 संस्थाओं में खाद्य विभाग द्वारा 65 प्रतिशत, यूसीएफ द्वारा 87 प्रतिशत, एनसीसीएफ द्वारा 17 प्रतिशत, यूसीसीएफ द्वारा 57 प्रतिशत, यूपीसीयू द्वारा 79 प्रतिशत तथा कमीशन ऐजेन्ट (कच्चा आढ़ती) द्वारा 78 प्रतिशत का धान क्रय किया गया है, जोकि सम्पूर्ण लक्ष्य के लगभग 77 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा कि एनसीसीएफ द्वारा दिये गये लक्ष्य को पूर्ण न कर पाने के कारण एनसीसीएफ के लक्ष्य को निरस्त कर अन्य ऐजेन्सियों में समायोजित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने यूपीसीयू के माध्यम से क्रय किये जाने वाले धान के भुगतान में मिल रही शिकायतों के कारण अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार कर भुगतान में पारदर्शिता लाने के लिए निर्देश दिये।

मंत्री ने विभाग द्वारा किसानों को किये जाने वाले भुगतान की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों तथा क्रय केन्द्रों के शेष भुगतान के संबंध में रिपोर्ट तैयार की जाए जिससे किसानों को ससमय भुगतान किया जा सके।

मंत्री ने बताया कि राज्य में मंडुआ क्रय के लिए खाद्य विभाग द्वारा यूसीसीएफ को नामित किया गया है जिसके द्वारा लगभग 16 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 1313 कुन्तल मंडुआ क्रय किया गया है तथा किसानों को इसके सापेक्ष पूर्ण भुगतान भी किया जा चुका है।

इस अवसर पर सचिव, खाद्य, एल. फनई, अपर सचिव, खाद्य, रूचि मोहन रयाल, अपर आयुक्त, खाद्य, पी.एस. पांगती, संयुक्त आयुक्त, खाद्य, महेन्द्र सिंह बिसेन तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### टैण्डर प्रक्रिया को जल्द से जल्द किया जाए पूर्ण



खाद्य मंत्री ने बायोमैट्रिक व्यवस्था को और दुरूस्त करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इससे संबंधित टैण्डर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने राशन डीलरों के शेष दो माह के भुगतान को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने 72 घण्टे में किये जाने वाले भुगतान की पॉलिसी को अमल में लाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

## महंगाई भत्ते का लाभ न मिलने पर पेयजल पेंशनर्स नाराज

**आरोप**

■ पेयजल निगम में पेंशनर्स ने मैनेजमेंट पर बढ़ाया बढ़े हुए डीए का लाभ देने को दबाव

■ बकाया एरियर का भी शत प्रतिशत भुगतान न होने पर जताई नाराजगी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने राजकीय कर्मियों की तरह बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ देने को दबाव तेज कर दिया है। प्रबंधन पर पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जल्द बकाया एरियर का भी भुगतान किया जाए। एसोसिएशन की संघ भवन में हुई बैठक में अध्यक्ष पीएस रावत और महामंत्री प्रवीन रावत ने कहा कि सरकारी विभागों में कर्मचारियों को जनवरी 2023 से बढ़े हुए चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जा चुका है। निगम कर्मचारियों के मामले में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। अभी भी 38 प्रतिशत डीए का ही लाभ मिल रहा है। जबकि राज्य कर्मियों और पेंशनर्स को 42 प्रतिशत डीए का लाभ मिल रहा है। इस भेदभाव को तत्काल समाप्त किया जाए।



कहा कि सार्वजनिक उद्यम विभाग से बार बार आपत्तियां लगाई जा रही हैं। इन आपत्तियों का समाधान करते हुए पेयजल विभाग की ओर से सार्वजनिक उद्यम विभाग को जवाब भेजा जा चुका है। इसके बाद भी अभी तक चार प्रतिशत डीए बढ़ाया नहीं गया है। इसके साथ ही पेयजल निगम में 2017 से स्थगित की गई राशिकरण की सुविधा को भी लागू नहीं किया जा रहा है। जबकि मैनेजमेंट की ओर से लगातार दावा किया जा रहा है कि जल निगम अब लाभ की स्थिति में आ गया है। जल्द पेंशनर्स की मांगों का समाधान न निकाले जाने पर आंदोलन तय है।

बैठक में पीके शुक्ला, मनमोहन सिंह नेगी, एनएस रावत, कैलाश नौडियाल, ईश्वरपाल शर्मा, एमएस रावत आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी उक्रांद

**संवाददाता** देहरादून। लोकसभा चुनाव की तैयारी में उत्तराखंड क्रांति दल भी जुट गई है। उक्रांद की नई कार्यकारिणी का गठन होने के बाद 18 दिसंबर को केंद्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक होने जा रही है। बैठक में लोकसभा के साथ ही आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों को खाका तैयार किया जाएगा।

उक्रांद केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने बताया कि 17 सितंबर 2023 को हुए महाधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ था। महाधिवेशन के बाद अब 18 और 19 दिसंबर को देहरादून जिला पंचायत हाल में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव, निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर विचार मंथन होगा। इस दो दिवसीय बैठक में सांगठनिक, राजनीतिक, चुनावी तैयारियों को लेकर चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए जाएंगे। वार्ड स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर माहौल तैयार किया जाएगा। पार्टी नए जोश, नई ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। राज्य के लोगों को भी समझ आ गया है कि उनके अहम विषयों की चिंता सिर्फ क्षेत्रीय दल के रूप में उक्रांद ही कर सकता है। राष्ट्रीय दलों ने 23 साल सिर्फ इस राज्य के संसाधनों को लूटने का ही काम किया है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।